मेरा देश भारत (अनुच्छेद)

मेरे देश का नाम भारत है। यह बहुत बड़ा और महान देश है। भारत की राजधानी दिल्ली है। भारत, हिंदुस्तान और हिंद के नाम से जाना जाता है।यहाँ पर रहने वाले लोग भारतीय कहलाते हैं। भारत में अनेक नदियाँ बहती हैं। ये हमारे देश को हरा - भरा रखते हैं। भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं।हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हमारे देश का राष्ट्रीय पक्षी, मोर, पशु बाघ, फूल कमल , फल आम और राष्ट्रीय त्योहार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस है।भारत में अनेक धर्मों के लोग रहते हैं।भारत त्योहारों का देश है। यहाँ दिवाली, ईद, क्रिसमस, ओणम आदि बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। श्री नरेंद्र मोदी हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं। मुझे अपने देश भारत पर गर्व है।

पेड़ (अनुच्छेद)

पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। पेड़ प्रकृति का सुंदर और उपयोगी उपहार है। पेड़ -पौधे हमारे लिए बहुत ज़रूरी हैं। पेड़ हमसे कुछ नहीं माँगते बल्कि हमें बहुत कुछ देते हैं जैसे - ताज़ी हवा, फल, फूल, सब्ज़ी, अनाज, लकड़ी, छाया, कपास, दवाइयाँ आदि। ये हमें ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाई ऑक्साइड लेते हैं। पेड़ हमारी धरती के तापमान को ठीक रखते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को कसकर पकड़े रहती हैं। पेड़ों के इतने सारे फ़ायदे होने के बाद भी हम इन्हें काटते जा रहे हैं।जिसका नुकसान हमें ही उठाना पड़ रहा है।आइए ,हम सब मिलकर एक प्रण ले कि हम अपने मित्र पेड़ों को काटेगें नहीं बल्कि और लगाएँगे जिससे हमारी धरती पर हरियाली बनी रहे।